Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-14 **Issue**- 30
Ghaziabad, Sunday, 25 December- 2022

25 December to 31 December- 2022

**Page:** 8

**Postal Registration No:** UP/GZB- 80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mo.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 2



Page 5


Page 8


## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बूथ कार्यकर्ताओं के साथ गाजियाबाद के आईटीएस में सुनी मन की बात



**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आईटीएस कॉलेज में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बूथ कार्यकताओं के साथ पीएम नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 96वें एपिसोड को सुना। नड्डा ने यहां बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष समेत शहर के कार्यकताओं संग 'मन की बात' सुनी। उन्होंने प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात करके राजनीति से इतर सामाजिक दृष्टिकोण भी अपनाने की अपील की। समारोह में जेपी नड्डा ने बताया कि तीन अक्तूबर 2014 को 'मन की बात' का पहला एपिसोड आया। आज ये 96वां एपिसोड था। सब लोग एकाग्र चित्त होकर ये कार्यक्रम सुन रहे थे। ये दशार्ता है कि पिछले 95 एपिसोड में भी इसकी रोचकता, प्रासंगिकता और तात्पर्य आज भी जनता के मन को भा रहा है। इसकी सबसे बड़ी खूबी ये है कि एक राजनैतिक व्यक्ति जो भारत का पॉल्टिकल एग्जीक्यूटिव चीफ हो, उन्होंने आज तक 96 एपिसोड में कभी इस मंच का राजनैतिक उपयोग नहीं किया। हमेशा गैर राजनीतिक विषयों पर बात रखी। इस कार्यक्रम की यही खूबसूरती है। हमें इसकी गहराई समझने की आवश्यकता है। पीएम ने समाज और देश को खड़ा करने की बात की, ये उनकी दूरदृष्टि है। इसलिए हमारा दृष्टिकोण भी सिर्फ राजनैतिक नहीं रहना चाहिए।

## सर्दी में 1 से 15 जनवरी तक बंद रहेंगे सरकारी स्कूल



**दिल्ली।** दिल्ली के सरकारी स्कूलों में एक से 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहेंगे। पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल बंद रहेंगे। जबकि दो जनवरी से 14 जनवरी तक नौवीं से 12वीं तक छात्र परीक्षाओं की तैयारी करेंगे। इस दौरान छात्रों के लिए उपचारात्मक कक्षाएं लगेंगी। इनमें पाठ्यक्रम का अभ्यास कराकर उनके सीखने के स्तर में सुधार किया जाएगा। इन कक्षाओं में छात्रों के उन विषयों पर भी जोर दिया जाएगा, जिनमें बच्चे बेहद कमजोर हैं। सुबह की पाली के स्कूलों में यह कक्षाएं सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12:50 बजे तक लगेंगी, जबकि शाम की पाली वाले स्कूलों में दोपहर 1:30 बजे से शाम 5:50 तक कक्षाएं लगेंगी। नौवीं व 10वीं की कक्षाओं के लिए अंग्रेजी, विज्ञान, गणित विषय को अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाएगा। शिक्षा निदेशालय के मुताबिक, स्कूलों को इन कक्षाओं को प्रतिदिन एक घंटे लगाना होगा। इन कक्षाओं के विषय में अभिभावकों के संज्ञान में भी लाना होगा, जिससे कि सभी बच्चे कक्षाओं में उपस्थित हों। स्कूल प्रमुखों को सुनिश्चित करना होगा कि सभी छात्र इन कक्षाओं में उपस्थित रहें। शिक्षा निदेशालय की ओर से स्कूल प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि शिक्षक 10वीं व 12वीं प्री-बोर्ड के क्वैश्चन पेपर का अभ्यास कराएं। शिक्षक छात्रों को गाइड करें कि उन्हें सही तरीके से प्रश्नों को कैसे हल करना है। इस दौरान शिक्षकों को बच्चों की ताकत व कमजोरी की पहचान कर उन पर ध्यान देना होगा। बच्चों को इन कक्षाओं में स्कूल की वर्दी में ही आना है। इन कक्षाओं में बच्चों की उपस्थिति अनिवार्य है। निदेशालय के अनुसार जिला उपशिक्षा निदेशक प्रतिदिन दो स्कूलों में जाकर देखेंगे कि यह उपचारात्मक कक्षाएं सही तरीके से चलें। इस दौरान शिक्षकों को बच्चों की ताकत व कमजोरी की पहचान कर उन पर ध्यान देना होगा।

## सैंटा क्लाज की पोशाक में बच्चों ने मनाया क्रिसमस डे



**गाजियाबाद।** मयूर विहार स्थित विद्या बाल भवन स्कूल में शुक्रवार को क्रिसमस डे मनाया गया। बच्चों ने सैंटा क्लाज की पोशाक में सबका ध्यान अपनी तरफ आर्कषित किया। विद्यालय को रंग-बिरंगे गुब्बारों और फूलों से सजाया गया और स्कूल प्रांगण में क्रिसमस ट्री भी लगाया गया। एक अध्यापक ने सैंटा क्लाज की पोशाक में सभी बच्चों को टाफी, चाकलेट व अन्य उपहार बांटे, जिसे पाकर सभी बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। क्रिसमस को लेकर बच्चों ने कविता सुनाई और सैंटा क्लाज की पोशाक में शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा सतवीर शर्मा ने बच्चों को क्रिसमस का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि हर साल 25 दिसंबर को प्रभु यीशु का जन्मदिन मनाया जाता है। मान्यता है कि प्रभु यीशु मसीह ने इसी दिन मरियम के घर जन्म लिया था। प्रभु यीशु ने समाज को प्रेम और त्याग का संदेश दिया था।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
BUREAU CHIEF
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements



# मस्जिद निर्माण का आरोप लगाकर हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**गाजियाबाद।** भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव अमराला में हिंदू युवा वाहिनी से जुड़े कार्यकताओं ने बिना अनुमति के मस्जिद निर्माण का आरोप लगाते हुए मंगलवार को हंगामा किया। इसे मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों में टकराव की स्थिति बन गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। हिन्दू युवा वाहिनी के निवर्तमान महामंत्री नीरज शर्मा दर्जनों कार्यकताओं के साथ अमराला गांव पहुंचे। आरोप लगाया कि यहां बिना अनुमति



के मस्जिद निर्माण कराया जा रहा है। मौके पर दोनों पक्षों के लोगों की भीड़ जमा हो गई। दोनों पक्षों में तीखी झड़प हुई। हंगामा होता देख निर्माण कार्य में लगे मजदूर काम बंद कर वहां से भाग गए।

हिन्दू संगठन के पदाधिकारियों का आरोप था कि गांव में बिना अनुमति के मस्जिद बनाकर वहां लाउड स्पीकर लगा दिए गए। दीवारों पर मस्जिद अमराला लिख दिशा सूचक बना दिए। उन्होंने गोपनीय तरीके से मस्जिद निर्माण कर नवाज पढ़ने का आरोप लगाया।

मस्जिद निर्माण को लेकर हुए विवाद की जानकारी मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने स्थिति को सामान्य कराया। मुस्लिम समाज ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि बिल्डिंग का ढांचा जर्जर होने के कारण पुनः निर्माण कराया जा रहा था। पुलिस ने दोनों पक्षों को सयंम बरतने की हिदायत दी। स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया गया। एसीपी सुनील कुमार सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। फिलहाल निर्माण कार्य बंद करा दिया गया है। गांव में स्थिति सामान्य है,मामले की जांच कराई जा रही है।

## विक्रम एंक्लेव 80 फुट रोड़ के बीच बने डिवाइडर का सुंदरीकरण का काम शुरू



**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन के पार्षद सरदार सिंह भाटी ने विक्रम एंक्लेव 80 फुट रोड़ के बीच बने डिवाइडर के सुंदरीकरण के कार्य का उद्घाटन नारियल फोड़कर किया। पार्षद सरदार सिंह भाटी ने बताया आज 80 फुट रोड़ विक्रम एंक्लेव शालीमार गार्डन साहिबाबाद गाजियाबाद में कृष्णा जूस से माता मंदिर विक्रम एनक्लेव 80 फुट रोड़ पर बने डिवाइडर के सौंदर्यीकरण के लिए नगर निगम से 9 लाख रुपए का बजट पास कराया और आज इस कार्य का शुभारंभ किया। ठाकुर रवि भाटी ने बताया क्षेत्र की जनता काफी समय से रोड पर अतिक्रमण से परेशान थी जिसकी शिकायत उन्होंने पार्षद सरदार सिंह भाटी से की थी और अब डिवाइडर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। डिवाइड बनने से अतिक्रमण हटेगा एवम इस डिवाइडर के बीच में हरियाली के लिए पौधे पेड़ लगाए जाएंगे। जिससे पर्यावरण भी शुद्ध रहेगा। इस मौके पर कालीचरण पहलवान भाजपा वरिष्ठ नेता, आरडब्लूए द मुकेश यादव, सोनू चौधरी, विकास नागर, मनीष नायक, चौधरी वीरेंद्र, नीतू भड़ाना, सोलंकी जी, समाचार ,अनिल सक्सेना, सोमनाथ चौहान, दीपक ठाकुर, मोनू सेंगर इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## एमएमजी अस्पताल में कोरोना हेल्प डेस्क पर लटका ताला

**गाजियाबाद।** चीन में कोरोना केस बढ़ने पर केंद्र और प्रदेश की सरकार ने अलर्ट जारी किया है लेकिन गाजियाबाद में सतर्कता नजर नहीं आ रही है। संक्रमण की दर कम हो जाने के बाद पिछले कुछ दिनों से लापरवाही बढ़ती जा रही है। फिलहाल स्थिति यह है कि कोरोना हेल्प डेस्क पर ताला लटका है। जिला एमएमजी अस्पताल में टीकाकरण भी बंद हो गया है। इतना ही नहीं। अगर जरूरत पड़ी तो ऑक्सीजन भी मुश्किल ही मिलेगी।




दूसरी लहर के बाद लगाए गए 11 ऑक्सीजन प्लॉट में से छह बंद हो चुके हैं। कोरोना की पहली, दूसरी और तीसरी लहर के दौरान सक्रिय रहीं कोविड हेल्प डेस्क अभी बंद पड़ी हैं। इन पर कर्मचारी तक तैनात नहीं है। बृहस्पतिवार दोपहर को एमएमजी की हेल्प डेस्क पर ताला लटका हुआ था। बाहर बाइक खड़ी थी। हेल्प डेस्क के बाहर रोज वाहन पार्किंग की जा रही है। कलक्ट्रेट की हेल्प डेस्क के बाहर ही महिला हेल्प डेस्क का बोर्ड लगा दिया गया। इसके बावजूद न कोविड हेल्प डेस्क के कर्मचारी बैठ रहे हैं और न ही महिला हेल्प डेस्क के। लापरवाही सिर्फ इतनी भर नहीं है। दफ्तरों में सैनेटाइजर तक नहीं रखा जा रहा है। एमएमजी और संयुक्त अस्पताल में मास्क अनिवार्य के बोर्ड तक हट चुके हैं। खांसी-जुकाम के मरीज तक बगैर मास्क लगाए घूम रहे हैं। यही लापरवाही कोविड जांच केंद्र पर है। लोग बगैर मास्क लगाए जांच कराने आ रहे हैं। उन्हें कोई टोक भी नहीं रहा है। कोरोना पर अलर्ट जारी होने के बाद बूस्टर डोज लगवाने के लिए बड़ी संख्या में लोग जिला एमएमजी अस्पताल पहुंचे लेकिन सभी को मायूस लौटना पड़ा। यहां टीकों की खेप खत्म हो जाने की वजह से टीकाकरण बंद कर दिया गया। जिले में अब सिर्फ संयुक्त अस्पताल में ही टीकाकरण किया जा रहा है। यहां भी सिर्फ कोविशील्ड ही मौजूद है, अन्य कोई वैक्सीन नहीं।

चार महीने पहले तक 50 टीकाकरण केंद्र चल रहे थे। तीसरी लहर के बाद इनकी संख्या बढ़ाकर 200 कर दी गई थी। जैसे ही संक्रमण कम हुआ, धीरे-धीरे केंद्र बंद होते चले गए। पहले सीएचसी और फिर पीएचसी के केंद्र बंद कर दिए गए। बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजे डासना गेट से एमएमजी में टीका लगवाने पहुंचे सुबोध सिंघल ने बताया कि डेढ़ साल पहले कोवीशील्ड का दूसरा डोज लगा था। कोरोना के बढ़ते केस को देखते हुए बूस्टर डोज लगवाने आया था लेकिन अस्पताल में बताया गया कि टीका नहीं है। राजनगर एक्सटेंशन से आरके पाठक बूस्टर डोज लगवाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि दूसरा डोज एक साल पहले लगा था लेकिन बूस्टर डोज नहीं लगा था। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नीरज अग्रवाल ने बताया कि शासन से कोवाक्सिन की खेप आई थी, जो खत्म हो गई है। स्पूतनिक की खेप एक बार भी नहीं मिली है। पिछले कुछ समय से नया केस नहीं मिला है। जिले में छह सक्रिय मरीज हैं।

# मंडी परिसर में दुकानदारों के लिए सिरदर्द बने बेसहारा पशु

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद की नवीन एवं फल सब्जी मंडी में बेसहारा पशुओं की भरमार है। मंडी परिसर में सुबह से ही पशुओं का जमावड़ा लग जाता है। ऐसे में सब्जी बेचने वाले दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार पशुओं का झुंड टमाटर, लौकी, गोभी और अन्य हरी सब्जियों को खाकर नुकसान पहुंचा देता है। दुकानदारों के अलावा मंडी में सब्जी खरीदने के लिए आने वाले लोग भी परेशान हैं। दुकानदारों का कहना है कि कई बार बेसहारा पशु आपस में लड़ते हैं और ऐसे में हादसा होने का खतरा भी रहता



है बेसहारा पशुओं के कारण मंडी के भीतर गंदगी भी रहती है। गोबर की दुर्गंध के कारण लोगों का सांस लेना मुश्किल हो जाता है। दुकानदार मोहम्मद सलमान ने बताया कि मंडी परिसर के अंदर पशुओं के आने से आढ़तियों को काफी दिक्कत होती है। सब्जियों से लदे ट्रक जब मंडी में आते हैं तब भी पशुओं के कारण हादसे की आशंका रहती है। इन पशुओं से सब्जी को खाने से बचाने के लिए काफी निगरानी करनी पड़ती है। उधर, मंडी अधिकारी ने बताया कि व्यापारियों की इस समस्या का समाधान कराया जाएगा। बेसहारा पशुओं को लेकर जल्द ही निगम को पत्र लिखा जाएगा। हालांकि पहले भी इस दिशा में उनके पत्र पर कार्रवाई की गई थी।

### आसपास के लोग खुला छोड़ते हैं पशुओं को

दुकानदारों का आरोप है कि मंडी के आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी पशुओं को पालते हैं। सुबह के समय लोग पशुओं को खुला छोड़ देते हैं और दुकानदारों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। मंडी के भीतर आने वाले पशु रोजाना किसी न किसी दुकानदार का नुकसान कर देते हैं। आढ़तियों का कहना है कि पशुओं की भरमार का असर रोजमर्रा की दुकानदारी पर भी पड़ रहा है। जिस तरफ पशुओं की संख्या ज्यादा होती है उस तरफ बहुत कम ग्राहक सब्जी लेने के लिए आते हैं।

# ट्रेनों की गति पर कोहरे ने लगाया ब्रेक



**गाजियाबाद।** कड़ाके की ठंड का असर रेलवे पर भी पड़ना शुरू हो गया है। कोहरे के कारण कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से लेट चल रही हैं। आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण कई यात्री परेशान नजर आए। दोपहर के समय भी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार करने वाले यात्रियों की काफी भीड़ थी।

दूरदराज की ट्रेनों के साथ ही छोटी दूरी की ट्रेनें भी कोहरे के कारण प्रभावित होने लगी हैं। ट्रेनों की लेटलतीफी से परेशान यात्रियों को खुले आसमान के नीचे बैठकर गाड़ियों की प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। बिहार के बेगूसराय जाने वाले यात्री सोनू ने बताया कि उनके पिता बीमार हैं और उनसे मिलने के लिए जाना था, लेकिन ट्रेन लेट होने से काफी दिक्कत हो रही है। कोहरे के कारण ट्रेनों से सफर करने वाला कोई भी यात्री समय से गंतव्य तक नहीं पहुंच रहा है। वहीं, लखनऊ जाने वाले यात्री राकेश मोहन ने बताया कि उनकी ट्रेन भी लेट हो गई है। इसलिए अब उसे बस का सहारा लेकर जाना पड़ेगा।

### देरी से चल रही ये ट्रेनें

सप्तक्रांति एक्सप्रेस (12538), सद्भावना एक्सप्रेस (14014), मऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस (22540), मधुपुर सुपर फास्ट एक्सप्रेस (22466), जनसाधारण एक्सप्रेस (13258) आदि ट्रेनें अपने नियत समय से एक से चार घंटे तक देरी से चल रही थीं। जबकि बुधवार को विक्रमशिला एक्सप्रेस 12368 रद कर दी गई। हालांकि ट्रेनों के लेट और रद होने की जानकारी लेने के लिए यात्री भटकते रहे, लेकिन कई ट्रेनों की सूचना काफी देरी से मिली। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्ग यात्रियों व बच्चों को हो रही है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कोहरे के कारण ट्रेनें कुछ लेट चल रही हैं, इसकी सूचना एसएमएस के साथ यहां डिस्प्ले बोर्ड पर भी नियमित अंतराल पर दी जा रही है।

# अगले साल तैयार हो जाएगा लोनी का संयुक्त अस्पताल



**गाजियाबाद।** लोनी में बन रहे संयुक्त अस्पताल के और 18 बेड के वार्ड के लिए शासन से बजट जारी हुआ है। टेंडर जारी होने के बाद वार्ड का निर्माण कार्य शुरू होगा। कार्यदायी संस्था का कहना है कि अप्रैल तक अस्पताल बनकर तैयार होगा।

सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधार ने बताया कि अस्पताल में वार्ड निर्माण के लिए बजट जारी हुआ है। इसमें फायर फाइटिंग सिस्टम, अप्रोच रोड, जेनेरेटर के काम अधूरे हैं। काम पूरा होने के बाद स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर होगा। इसके लिए शासन से 58 पद भी स्वीकृत हो गए हैं। अस्पताल में महिला और पुरुष विंग बनाए जा रहे हैं। दोनों के लिए अलग-अलग मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के पद स्वीकृत हुए हैं। कुल चिकित्सकों के पदों में से 14 पुरुष विंग के लिए और छह महिला विंग के लिए हैं। इसके अलावा 20 पद पैरा मेडिकल स्टाफ के पद हैं। सहायक कर्मचारियों के 18 पदों पर आउटसोर्सिंग से कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। पुरुष इकाई में एक फिजीशियन, एक बाल रोग विशेषज्ञ, एक रेडियोलॉजिस्ट, एक पैथोलॉजिस्ट, एक डेंटल सर्जन, एक एनस्थेटिस्ट, एक जनरल सर्जन, एक हड्डी रोग विशेषज्ञ, एक ईएनटी सर्जन, एक नेत्र सर्जन, एक इमरजेंसी मेडिकल आफिसर(ईएमओ) और एक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का पद स्वीकृत किया गया है। महिला इकाई के लिए एक अधीक्षिका, एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक एनेस्थेटिस्टऔर तीन ईएमओ तैनात होंगे। पैरा मेडिकल स्टाफ में एक एक्स-रे टेक्नीशियन, दो लैब टेक्नीशियन, दो फार्मासिस्ट, एक वरिष्ठ सहायक, दो कनिष्ठ सहायक, दो सिस्टर, आठ स्टाफ नर्स, एक नेत्र सहायक और एक डेंटल हाईजिनिस्ट का पद स्वीकृत किया गया है।

# अस्पताल को मिली जंबो पैक मशीन, सांसद वीके सिंह ने किया उद्घाटन

**गाजियाबाद।** सरकारी स्तर पर मरीजों को जंबो पैक की मशीन मिली है। मंगलवार को एमएमजी स्थित ब्लड बैंक में दो महीने पहले सीएसआर फंड (दान में) से मिली एफ्रेसिस मशीन का सांसद वीके सिंह ने उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौकेपर कहा कि लखनऊ के जिला अस्पताल के बाद दूसरी मशीन गाजियाबाद के जिला अस्पताल को ही मिली है।

सांसद वीके सिंह ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित बड़े अस्पताल आधुनिक हो रहे हैं मरीजों के लिए लगातार सुविधाएं बढ़ती जा रही हैं। उद्घाटन के दौरान सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक, सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधार, एमएमजी के सीएमएस डॉ. मनोज चतुर्वेदी, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. उवर्शी, डॉ. एकेतोमर, डॉ. विनोद कुमार, कुलदीप, अपर्णा मौजूद रहीं। यह मशीन भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) फंड



से दिया है। हालांकि, इस मशीन के संचालन का अभी तक शासन से कोई दिशानिर्देश नहीं मिला है। जांच किट भी अभी तक शासन से नहीं मिली है इसलिए मरीजों को इस मशीन की सुविधा कब मिलेगी इसकी किसी को जानकारी नहीं है। जंबो पैक के एक किट का खर्च 11 हजार रुपये है। किस मद में इसका बजट आएगा इस पर भी कोई फैसला नहीं हुआ है। सासंद वीके सिंह ने सीएमओ और अस्पताल के सीएमएस ने जर्जर घोषित एमएमजी अस्पताल को तोड़कर नया मल्टीस्टोरी अस्पताल बनाने का प्रस्ताव दिया। प्रस्ताव में उन्होंने अस्पताल के पीछे बने आवासीय भवनों को तोड़कर पहले वहां निर्माण कराने का प्रस्ताव रखा है। सांसद वीके सिंह ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इसका प्रस्ताव पास कराया जाएगा।

# सड़क पर वाहन चलाने की स्पीड तय

**नई दिल्ली।** देश की सभी सड़कों पर वाहन चलाने की स्पीड तय है। चाहे एक्सप्रेसवे हो या फिर गांवों सड़कें. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने वाहनों की स्पीड तय कर रखी है। ये स्पीड अलग-अलग श्रेणी के वाहनों के लिए अलग-अलग हैं. नगर पालिका या गांवों की सड़कों पर स्पीड के संकेतक भले न दिखते हों, लेकिन तय स्पीड से तेज चलाने पर आपका चालाना हो सकता है। जानें, किस तरह की रोड पर कितनी स्पीड से वाहन चला सकते हैं।सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देशभर की सड़कों को चार श्रेणी में बांटा है। पहला एक्सप्रेसवे, दूसरा डिवाइडर वाली चार लेन या इससे अधिक लेन वाली रोड, तीसरा नगर पालिका की सीमा वाली सड़कें और चौथी श्रेणी में अन्य सड़कें रखी गयी हैं, इसमें ग्रामीण इलाकों की सड़कें भी शामिल हैं।

वाहनों की छह श्रेणी रखी गयी है. जिसमें पहला एम 1 श्रेणी के वाहन हैं, यानी ऐसे वाहन जिसमें चालक के अलावा नौ सीट हों, इसमें सभी प्रकार की कारें शामिल हैं. दूसरी श्रेणी में एम 1 और एम 3 श्रेणी के




वाहन यानी चालक के अलावा नौ या इससे अधिक सीटों वाले वाहन हैं। तीसरी में एन श्रेणी यानी माल ढुलाई वाले वाहनों को रखा गया है. चौथी श्रेणी में बाइक हैं। पांचवीं श्रेणी में क्वाड्रिसाइकिल और छठवीं में तिपहिया वाहनों को रखा गया है। इस तरह वाहनों की छह और सड़कों की चार श्रेणी तय की गयी हैं। एम 1 श्रेणी, यानी चालक के अलावा नौ सीट वाले वाहन, सभी कारें शामिल हैं -एक्सप्रेसवे पर इन वाहनों की स्पीड 120 किमी.प्रति घंटे, डिवाइडर वाली चार लेन या इससे अधिक लेन की रोड पर अधिकतम स्पीड 100 किमी. प्रतिघंटे, नगर पलिका सीमा क्षेत्र की सड़कों पर अधिकतम स्पीड 70 किमी. प्रतिघंटे व अन्य सड़कों पर 70 किमी. प्रतिघंटे की स्पीड तय है।

# 15 ई-बसों का आज से शुरू होगा ट्रायल

**साहिबाबाद।** परिवहन निगम शुक्रवार से 15 ई-बसों का ट्रायल शुरू करेगा। यह बसें कौशांबी से दादरी और सेक्टर 62 से गोविंदपुरम रुट पर चलाई जाएंगी। ट्रायल एक सप्ताह तक होगा। गाजियाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट के प्रबंधक पीआर बेलवरियर ने बताया कि 15 नई बसों का रजिस्ट्रेशन हो गया है। नंबर प्लेट भी लग गई हैं। अभी इन बसों को दो रूटों पर ही चलाया जाएगा। 30 बसें पहले से ही शहर में चल रही हैं। अकबरपुर-बहरामपुर की ई-बसों की डिपो से रोजाना 45 बसें संचालित होंगी। वहीं जल्द ही पांच बसें भी डिपो को मिल जाएंगी। अकबरपुर-बहरामपुर पर इन बसों के लिए कंट्रोल रूम बनाया है, यहां से ही इन सभी ई-बसों को ट्रेस किया जाता है। जो बसें अभी ट्रायल के लिए चलेंगी, उन पर अभी रोड मैप नहीं डाला गया है। ट्रायल के बाद ही इनमें रूटों के हिसाब से डाटा फीड किया जाएगा। इस पर तकनीकी टीम कार्य कर रही है। कौशांबी से दादरी, सेक्टर 62 से गोविंदपुरम, लालकुआं से कौशांबी बस अड्डे, राजनगर एक्सटेंशन से कौशांबी आदि के लिए संचालन किया जाएगा।

# महिलाओं के लिए सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**गाजियाबाद।** एनसीआरटीसी ने गाजियाबाद के मुरादनगर में महिलाओं के लिए सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। 'परिवहन और गतिशीला के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण' विषय पर हुए इस कार्यक्रम में छात्राएं और ग्रामीण परिवेश की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। एनसीआरटीसी ने बताया कि देश की पहली रीजनल रेल में महिलाओं के लिए किस तरह की स्पेशल सुविधाएं प्रदान की गई हैं।महिला यात्रियों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक ट्रेन में एक अलग कोच है। सुरक्षा की दृष्टि से सभी स्टेशनों और ट्रेनों मे सीसीटीवी कैमरे रहेंगे। एक एप भी लांच किया जाएगा, जो संकट की स्थिति में महिलाओं के लिए मददगार होगा। इस मौके पर आर्थिक सशक्तिकरण के लाभ, माइक्रो फाइनेंसिंग के अवसर और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने पहली रीजनल रैपिड रेल में महिलाओं के लिए किए गए। इतने प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में बताया गया कि एनसीआर में होने के बावजूद परिवहन की स्थिति बेहतर नहीं होने से किस तरह महिलाएं आर्थिक, सामाजिक, हेल्थ अवसरों से वंचित रह जाती हैं। एनसीआरटीसी ने बताया कि ये रैपिड रेल खासकर महिलाओं के लिए सपनों की उड़ान भरने जैसी होगी।

# Editorial

## Critical moment for biodiversity

Montreal marks a breakthrough in the struggle to protect the planet's biodiversity richness. A beginning has been made. The United Nations pact establishes a global benchmark but lack of agreement on financing is a worry In the winter of 2015 in Paris, 193 countries and the European Union came together for the first time to forge a common strategy to trim greenhouse gas emissions that were irreversibly cooking the planet. Though the agreement struck to limit global temperature rise to 1.5 degrees Celsius frayed with time, the Paris pact only grew in importance because it established a benchmark, a clear goal and path forward to tackle the climate crisis. For the associated but more neglected question of biodiversity conservation, a similar global benchmark was achieved this week, when 196 countries signed a landmark deal to protect 30% of the world for nature by 2030, reduce environmentally harmful subsidies by at least $500 billion a year, and restore at least 30% (by area) of degraded ecosystems. The Kunming-Montreal Global Biodiversity Framework proposed to bring the loss of areas of high biodiversity importance close to zero by 2030, while respecting the rights of indigenous peoples and local communities. With four main goals and 23 targets for 2030, the pact covers a vast swathe of biodiversity, and pledges to reverse the loss. It called for urgent action to halt human-induced extinction of threatened species; reduce pollution risks and the negative impact of pollution from all sources by 2030; identify and eliminate or reform incentives, including subsidies, that are harmful for biodiversity by 2025; and reduce the risk from pesticides and hazardous chemicals during this period. For India, the fine print is key.

Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

## Harmanpreet Kaur on T20I series defeat to Australia: We learned a lot of things from them



India captain Harmanpreet Kaur said that her team was not able to stop Australia as the hosts lost the fifth and final T20I by 54 runs on Tuesday.

Having already lost the five-match series 1-4, India had a chance to finish off the year on a high and work on their problems for the T20 World Cup 2023 but Harmanpreet's team failed to catch up with the world champions Australia.

Ashleigh Gardner and Grace Harris' blitzkrieg powered Australia to post 196/4. In reply, India folded for 142 as Heather Graham completed a hat-trick before finishing with the figures of 4/8 in just two overs. Harmanpreet said that India were in the match in the first 10 overs but could not stop Australia's assault.

"I think we were really good in the first 10-12 overs. We know the kind of power they have in their game, unfortunately we were not able to stop them. Lot of learnings for us," the India captain said after the fifth T20I in Mumbai.

Harmanpreet further pointed out the positives from the T20I series, saying she was happy with the way her team was able to clear the boundaries. She added that attacking is something that she wants to bring in her team as they prepare for next year's T20 World Cup in South Africa. We knew the type of cricket they play, happy to have improved though in a lot of areas. Lot of things we learnt from them, the way they were clearing the boundaries - that is something we had like to bring in.

"Self-belief has been the biggest positive in this series. We have a month off now where we'd like to train hard before the World Cup."

## Tendulkar reveals jaw-dropping chat with India teammate as captain




Team India's former cricketer Sachin Tendulkar is widely regarded as one of the greatest batters in the history of the game. Tendulkar holds the record for most runs in ODIs and Tests, and also has the highest number of international centuries to his name (100). The 'master blaster' – as he is fondly known due to his batting exploits – had also led India for a brief stint on two occasions. While he wasn't as successful with leadership as he was with his batting, Tendulkar has now shared a story about an incident that look place under his captaincy during a tour of Australia. Tendulkar recalled how he had to put a young teammate in place after the latter got "carried away" while fielding during a practice match in the Australian tour. The former India star also revealed a stern warning that he gave his teammate as he "put his arms around his shoulder." "I was the captain of the team and we are on a tour of Australia. One of the junior players -- it was his first tour -- he was carried away, he was playing around with the crowd, and where it was a single, he ended up giving away two runs. So, I calmly called him after the over, put my arm around him. No one else knew what I was telling him but he knew that he cannot afford to do that agan. Because I said, 'if you do this again, I will send you back home. You will not go back to hotel, you will be back in India'," Tendulkar revealed in an event conducted by Infosys. "Nothing is compromised when you play for India. This is a huge honour. There are millions of people aspiring to be in your spot. Don't take it for granted," the former India cricketer further said.

Tendulkar led India in 25 Tests but won only four, conceding defeat in nine while 12 ended in a draw. India had a poor win-percentage of 31 under Tendulkar's captaincy in ODIs (73 matches).

## Premier League: Manchester United trigger contract extensions for Rashford, Shaw, Dalot and Fred



Premier League club Manchester United has triggered contract extensions for four of their first-team players. Forward Marcus Rashford, left-back Luke Shaw, right-back Diogo Dalot and midfielder Fred have had their contracts extended till the end of the 2023-24 season.

The Manchester-based club has decided to extend Rashford's contract after the 25-year-old enjoyed a successful campaign with England at the 2022 FIFA World Cup, scoring three goals. The Manchester United academy graduate has long been linked with a move to French side Paris Saint-Germain as a replacement for Kylian Mbappe, should he leave.

But the extension means Manchester United will have more leverage should the deal ever be completed, with regards to the transfer fee. Currently, Rashford is leading the goal-scoring charts at the club, scoring eight goals in all competitions this season.

The contract extensions for the four players were vital for the club, since they would have been able to leave Old Trafford in June for free.

However, one player whose contract was not extended is goalkeeper and long-time servant David De Gea. The Spanish shot-stopper is already earning a massive 375,000 GBP per week at Manchester United. The club last extended his deal in 2019, making him the highest-paid goalkeeper in the world.

## Former rugby player Ross Adair earns maiden Ireland call-up for Zimbabwe T20I series



Former rugby player Ross Adair earned his maiden national call-up after Ireland picked him up as a replacement for Lorcan Tucker for the upcoming T20I series against Zimbabwe in the month of January. Earlier, Tucker pulled out of the T20I series and got a No Objection Certificate (NoC) to take part in the inaugural edition of the Abu Dhabi International League T20. Tucker, however, will return for the ODI series. Ross, who happens to be the brother of Mark Adair, has played seven List A and 15 T20s thus far, scoring 438 runs with one century and picking up four wickets. "I'm absolutely delighted with the call up, but I'm not sure it's really sunk in yet if I'm honest. It's a huge honour for me and now I just can't wait to get away on tour," Ross was quoted as saying.

# लोनी में ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**गाजियाबाद।** नेहरू युवा केन्द्र गाजियाबाद के तत्वावधान में लोनी ब्लाक में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देवेन्द्र कुमार उपनिदेशक, और मुकन्द वल्लभ शर्मा लेखा एवं कार्यक्रम सहायक के निर्देशन में डायमंड पब्लिक स्कूल टीला और डीपीएस लोनी में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ लडकियों के रस्साकशी प्रतियोगिता का उद्घाटन डायमंड पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य गरिमा शर्मा के द्वारा किया गया, रस्साकशी में प्रथम मेवला भट्टी, व द्वितीय स्थान पचायरा की टीम ने प्राप्त किया।



युवाओं की दौड प्रतियोगिता का आयोजन डीपीएस लोनी में किया गया। जिसमें लडकों की 800 मीटर दौड, 400 मीटर, व लडकियों की 100 मीटर दौड आयोजित की गई, इनका उद्घाटन डीपीएस की प्रधानाचार्य भावना खन्ना के व्दारा किया गया। 800 मीटर दौड मे प्रथम रविकुमार बंथला, द्वितीय रौबिन बेहडापुर, तृतीय स्थान अंकित सिरौरा ने प्राप्त किया, 400 मीटर दौड मे जितेन्द्र लोनी प्रथम, दीपक द्वितीय व तृतीय स्थान रितिक ने प्राप्त किया. 100 मीटर दौड महिला में प्रथम तानियां रोशनगढ, द्वितीय विनीता जावली, और तृतीय स्थान पायल ने प्राप्त किया।

बालीबाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अगरोला तथा द्वितीय स्थान डायमंड पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया. कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम भूपखेडी और द्वितीय स्थान शब्बूगढी ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम में, कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किया गया, पुरस्कार वितरण प्रधानाचार्य गरिमा शर्मा, जिला खेल अधिकारी पूनम विश्नोई, नेहरू युवा केन्द्र गाजियाबाद के उप निदेशक देवेन्द्र कुमार, आदि के व्दारा किया गया। रैफ्री के रूप में पीएस रघुवंशी, लेखराम चौधरी, उज्जवल मिश्रा ने दौड प्रतियोगिता, जीशान ने बालीबाल, पार्थ ने कबड्डी प्रतियोगिता में, तथा पवन कुमार ने रस्साकशी में रैफ्री की भुमिका का निर्वाह किया।कार्यक्रम का संयोजन एनवाईवी तालिब ने किया व एनवाईवी प्राची, अनस, अनूप, अभय, उस्मान, शारिफ पूर्व एनवाईवी, रोहित, श्रीमती अनीता रूहेला, माया भाटी, सोनू प्रधान मेवला भट्टी, प्रदीप कुमार शर्मा लवकुश, डायमंड पब्लिक स्कूल, विशाल, विक्की पचायरा ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# दिव्यांग बच्चों के लिए जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



**गाजियाबाद।** मोहन नगर स्थित आईटीएस में दिव्यांग बच्चों (उहरठ) की समावेशी शिक्षा के क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय कार्यशाला का किया गया। सर्वप्रथम जिला समन्वयक समेकित शिक्षा डॉ राकेश द्वारा कार्यशाला के मुख्य उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जनसमुदाय में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा एवं समावेशन के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना, समस्त दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन, नामांकन एवं उनकी विद्यालयों में नियमित उपस्थिति एवं दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा हेतु प्रभावी एकेडमिक डिजाइन का क्रियान्वयन करने के बारे में जानकारी दी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त एसआरजी, एआरपी, स्पेशल एजुकेटर एवं प्रधानाध्यापकों को दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली समस्त सुविधाओं एवं शिक्षा को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु निरंतर प्रयास करने के लिए कहा गया। कार्यशाला में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ ही अन्य विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिनमें जिला विकास अधिकारी राम उद्रेज, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुधीर त्यागी, उप निरीक्षक मेरठ मंडल पवन कुमार भाटी, जिला कार्यक्रम अधिकारी शशि वार्ष्णेय, वित्त एवं लेखाधिकारी मनप्रीत कौर, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय श्री सर्वेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी भोजपुर श्री जमुना प्रसाद सुमन एवं समस्त जिला समन्वयक, एसआरजी, एआरपी, समस्त स्पेशल एजुकेटर एवं फिजियोथैरेपिस्ट, स्वयंसेवी संस्थाओं के निदेशक, शिक्षाविद राहुल चतुर्वेदी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला का सफलतापूर्वक संचालन पूनम शर्मा द्वारा किया गया।

# सन वैली में एनसीआर चेस चैंपियनशिप' का समापन

**गाजियाबाद।** वैशाली स्थित सन वैली इंटरनेशनल स्कूल द्वारा दो दिवसीय 'एनसीआर चेस चैंपियनशिप' जिसे 'आइकन्स स्पोर्ट्स इवेंट मैनेजमेंट एंड स्पार्कलिंग चेस एकेडमी' के तत्वाधान में ' चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन' गाज़ियाबाद, के सहयोग से आयोजित किया गया था। इसका समापन समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया ।मुख्यातिथि प्रधानाचार्या प्रीति गोयल, सुरेंद चौहान( सचिव, यू० पी० चैस एसोसिएशन) की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस चैंपियनशिप में दिल्ली एनसीआर से 30 विद्यालयों के 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया था कजिनमें नेहरू वर्ल्ड स्कूल, गाज़ियाबाद ने प्रथम



स्थान, प्रेसिडियम स्कूल इंदिरापुरम ने द्वितीय स्थान तथा एमिटी स्कूल, वसुंधरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सन वैली इंटरनेशनल स्कूल, वैशाली ने अंडर-17 श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या प्रीति गोयल एवं माननीय श्री सुरेंद्र चौहान द्वारा विजयी खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र एवं पदक प्रदान किए गए।

# तीर्थ श्रीसम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित करने पर जताया विरोध

**गाजियाबाद।** जैन समाज के महत्वपूर्ण तीर्थस्थल श्रीसम्मेद शिखरजी को झारखड़ सरकार की ओर से पर्यटन स्थल घोषित किए जाने से जैन समाज नाराज है। इसके विरोध में मंगलवार को जैन समाज ने प्रदर्शन किया। जैन समाज के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल को विधायक डॉ.मंजू शिवाच और एसडीएम से मिला।



प्रतिनिधिमंडल ने बीते दिनों इस मुद्दे को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से हुई बातचीत का हवाला देते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। श्री1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के संरक्षक सुशील जैन व अध्यक्ष स्वदेश जैन के साथ एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को विधायक डॉ.मंजू शिवाच तथा एसडीएम शुभांगी शुक्ला से मिला।

संरक्षक सुशील जैन ने बताया कि झारखंड सरकार ने गिरिडीह जनपद स्थित जैन समाज के प्रमुख तीथस्थल श्रीसम्मेद शिखरजी को सरकार ने पर्यटक स्थल घोषित कर दिया। इससे तीर्थराज (पारसनाथ पर्वत) की पवित्रता एवं शुद्धता प्रभावित होगी। इसे अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए उन्होंने झारखंड सरकार से पर्यटन स्थल से बाहर रखने की मांग की।

विधायक ने आश्वस्त किया कि वह उनकी मांग को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समक्ष रखेंगी। प्रदर्शन में मोदीनगर स्थित श्रीचंदा प्रभु दिगंबर जैन मंदिर, श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, श्री मुनिसुव्रत दिगंबर जैन मंदिर तथा जैन यूथ क्लब और श्री दिगंबर जैन महासमिति के सदस्य सहित शांति स्वरूप जैन, सुनित जैन, डॉ. सोनिका जैन, संजय जैन, मयूराक्षी जैन, अजय जैन, नवीन जैन, मनोज जैन तथा कुमकुम जैन आदि समेत कई मौजूद रहे।

# सेंसर बोर्ड से रोक लगाने की रखी मांग, विरोध में जमकर की नारेबाजी

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के रेलवे रोड स्थित शहीद मेजर आसाराम त्यागी स्मारक स्थल के समीप सोमवार रात हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की अपकमिंग फिल्म के विरोध में प्रदर्शन किया और अभिनेता शाहरुख खान का पुतला भी फूंका।



महिला सुरक्षा और सम्मान समिति के नेतृत्व में हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक पंकज कंसल तथा हिन्दू युवा वाहिनी के निवर्तमान महामंत्री नीरज शर्मा के साथ बड़ी संख्या में पदाधिकारी और युवा एकत्रित होकर सोमवार रात शहीद स्मारक पहुंचे। यहां नाराज कार्यकताओं ने फिल्म अभिनेता शाहरुख खान और अभिनेत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पंकज कंसल ने कहा कि पठान फिल्म के गीत में दीपिका पादुकोण ने अश्लील ड्रेस में भगवे का अपमान किया है। इससे हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई है। प्रदर्शनकारियों ने फिल्म के भगवा रंग और सनातन धर्म की भावनाओं को आहत करने वाले गीत पर रोक लगाने की मांग की। सेंसर बोर्ड से फिल्म पर रोक लगाने की मांग की गई। उन्होंने निर्माता निर्देशक के साथ साथ फिल्म के अभिनेता शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। इस अवसर पर मुहल मेहरा, विक्रम सिंह,मनोज सिंघल,केसरिया हिंदू वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राहुल गोस्वामी, रोहित सक्सेना, नरेंद्र सेन तथा संजय गर्ग आदि सहित कई मौजूद रहें।


# सलमान ने सैंटा बन दिया अनोखा तोहफा, घर में हुई छोटे भाईजान की वापसी

'बिग बॉस 16' हर दिन गुजरते दिन के साथ दिलचस्प होता जा रहा है। हफ्ते की शुरूआत से लेकर आखिर तक कंटेस्टेंट्स जो भी कारनामे घर में करते हैं, उन सभी का हिसाब लेने सलमान खान वीकएंड का वार एपिसोड्स में आते हैं। लेकिन इस बार सलमान खान वीकएंड का वार एपिसोड में घरवालों और दर्शकों के लिए सैंटा बन एक सरप्राइज लेकर आ रहे हैं। यह सरप्राइज एक ऐसा कंटेस्टेंट है, जिसे सीजन की शुरूआत से लोगों का भरपूर प्यार मिला था। लेकिन पिछले दिनों उसे शो से बाहर होना पड़ा था। यह और कोई नहीं बल्कि सबके चहेते छोटे भाईजान यानी अब्दु



रोजिक हैं। जी कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अब्दु रोजिक घर में वापसी करने वाले हैं। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स सामने आई हैं जिनमें दावा किया जा रहा है कि दर्शकों का भरपूर प्यार पाने वाले अब्दु रोजिक घर में वापसी कर चुके हैं। रिपोर्ट्स में इतना भी कहा जा रहा है कि अब्दु इस समय घर के अंदर ही हैं और पूरी दुनिया को छोटे भाईजान की झलक 'वीकएंड का वार' एपिसोड में देखने को मिलेगी। बताया जा रहा है कि अब्दु को देखकर घरवाले काफी खुश हैं। लेकिन अब्दु की इस एंट्री के पीछे भी एक ट्विस्ट है। इन रिपोर्ट्स से जहां सभी के चेहरों पर मुस्कान आ गई है, वहीं इस खुशखबरी के साथ अब्दु के फैंस के लिए एक बुरी खबर भी है। दरअसल, इन रिपोर्ट्स में यह भी बताया जा रहा है कि वह कुछ दिनों के लिए ही शो में आए हैं। वर्क कमिटमेंट की वजह से उन्हें जनवरी महीने में ही शो छोड़ना होगा। हालांकि, अभी तक इसको लेकर आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की गई है। अब देखना यह होगा कि इस वीकएंड का वार अब्दु दिखाई देंगे या नहीं। गौरतलब है, पिछले दिनों बिग बॉस के आदेश पर अब्दु रोजिक को घर छोड़ना पड़ा था, जिसके पीछे साजिद खान के द्वारा उनके साथ किया गया मजाक था। साजिद ने अब्दु का मजाक उड़ाते हुए उनकी पीठ पर गलत बातें भी लिखी थीं, जिसके कारण भाईजान काफी आग बबूला भी हुए थे। इसके बाद से अब्दु के फैंस लगातार शो में उनकी वापसी की मांग कर रहे थे। अगर यह रिपोर्ट्स सच्ची साबित होती हैं, तो फैंस की ख्वाहिश पूरी होने जा रही है।

# 25 साल छोटी एक्ट्रेस को डेट कर रहे हैं लियोनार्डो डिकैप्रियो



आइकॉनिक फिल्म 'टाइटैनिक' से मशहूर हुए अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो आज इंडस्ट्री का बड़ा नाम बन चुके हैं। अभिनेता फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभाकर अपने अभिनय के बल पर लोगों को दिल जीतने में कामयाब रहे हैं। वहीं, लियोनार्डो डिकैप्रियो अपनी प्रोफेशनल लाइफ की ही तरह पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब सुर्खियों बटोरते हैं। लियोनार्डो डिकैप्रियो अक्सर ही अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर चर्चा में आ जाते हैं। वहीं, अब उन्हें एक बार फिर यंग मॉडल के साथ डिनर डेट पर स्पॉट किया गया, जिसके बाद से ही उनकी डेटिंग की खबरें आने लगी हैं।

दरअसल, लियोनार्डो डिकैप्रियो और मॉडल विक्टोरिया लमास को कुछ दिनों पहले ही डिनर के लिए जाते देखा गया था। उसी के बाद से दोनों की डेटिंग की बातें चर्चा में हैं। कहा जा रहा है कि लियोनार्डो और विक्टोरिया में 25 साल का अंतर है। 48 साल के अभिनेता 23 साल की मॉडल के साथ एक रेस्टोरेंट में स्पॉट किए गए थे। जहां दोनों पहले रेस्टोरेंट से अलग-अलग बाहर आए लेकिन बाद में एक ही कार में रवाना हुए। विक्टोरिया लमास एक अभिनेत्री हैं, जो फैल्कन क्रेस्ट में नजर आए अभिनेता लोरेंजो लमास की बेटी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एक सूत्र ने बताया कि विक्टोरिया लमास और लियोनार्डो डिकैप्रियो के बीच कुछ नहीं चल रहा है, लेकिन सोशल मीडिया यूजर इस सिलसिले में कुछ और ही ख्याल रखते हैं। दोनों की तस्वीर सोशल मीडिया पर छाई हुई है, जिसको लेकर यूजर्स का कहना है कि वे एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। बता दें कि लियोनार्डो डिकैप्रियो का इसी साल अपनी एक्स गर्लफ्रेंड कैमिला मोरोन से ब्रेकअप हुआ था। कैमिला मोरोन 25 साल की थीं और ऐसे में उनसे ब्रेकअप के बाद लियोनार्डो को जमकर ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा था। लोगों का कहना था कि वह 25 साल से ज्यादा की लड़कियों को डेट नहीं करते हैं। वहीं, लियोनार्डो को सुपरमॉडल जीजी हदीद के साथ भी देखा गया था, जिसके बाद दोनों के साथ होने की खबरें भी उड़ी थीं। हालांकि अभिनेता किसे डेट कर रहे हैं इसके बारे में स्पष्ट जानकारी किसी को नहीं है।

# 'झूमे जो पठान' के व्यूज 18 मिलियन के पार

बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान की फिल्म पठान के गानों ने आते ही यूट्यूब पर तहलका मचा दिया। शाहरुख खान का नया गाना 'झूमे जो पठान' रिलीज किया गया है। यह गाना सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। साथ ही, यूट्यूब पर भी ट्रेंड कर रहा है। इसके अलावा खास बात यह है कि महज 30 मिनट में इस गाने को एक मिलियन व्यूज मिल गए। वहीं, सिर्फ 21 घंटे में ही इस गाने को 18 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। माना जा रहा है कि अगर व्यूज मिलने की रफ्तार इस कदर जारी रहती है तो यह गाना बेशरम रंग का रिकॉर्ड तोड़ सकता है। बता दें कि झूमे जो पठान गाना अरिजीत सिंह ने गाया है। शाहरुख खान कई साल बाद दीपिका पादुकोण के साथ नजर आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले दोनों कलाकार कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। शाहरुख खान अपनी नई फिल्म 'पठान' में एक अलग ही अंदाज में नजर



आ रहे हैं। इस फिल्म में उनके लंबे बालों के साथ-साथ सिक्स पैक एब्स भी दर्शकों को खूब पसंद आ रहे हैं। वहीं, फिल्म के गाने 'झूमे जो पठान' को खूबसूरती के साथ शूट किया गया है। गाने में दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान की केमिस्ट्री को खूब पसंद किया जा रहा है। दीपिका बेहद ग्लैमरस अंदाज में नजर आईं। वहीं, शाहरुख भी हैंडसम दिखाई दिए। इससे पहले शाहरुख खान ने झूमे जो पठान का पोस्टर शेयर किया था, जिसमें उन्होंने गाने की एक लाइन 'झूमे जो पठान, मेरी जान' लिखी थी। वहीं, बीते दिनों पठान के गाने 'बेशरम रंग' को लेकर काफी विवाद हुआ था। इस गाने में भगवा रंग की बिकनी में दीपिका पादुकोण नजर आईं, जिस पर काफी विवाद हुआ। पठान फिल्म की बात करें तो शाहरुख और दीपिका की यह फिल्म 25 जनवरी 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# 2,023 रुपए में बुक करें डोमेस्टिक फ्लाइट, 4,999 रुपए में इंटरनेशनल



छुट्टियों का मौसम आते ही भारत के बजट कैरियर इंडिगो ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए थ्री डे विंटर सेल की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार, सेल 23 दिसंबर से 25 दिसंबर, 2023 के बीच चलेगी। डोमेस्टिक फ्लाइट का किराया 2,023 रुपए और इंटरनेशनल फ्लाइट का फेयर 4,999 रुपए से शुरू होगा। यह सेल 15 जनवरी, 2023 से 14 अप्रैल, 2023 तक की यात्रा पर वैलिड है। एयरलाइन के अनुसार, ऑफर के तहत सीमित इन्वेंट्री उपलब्ध है और इसलिए ग्राहकों को उपलब्धता और इंडिगो के विवेकाधिकार के अधीन डिस्काउंट दिया जाएगा। इसके अलावा, यह ऑफर केवल इंडिगो के डोमेस्टिक और इंटरनेशनल नेटवर्क पर विभिन्न सेक्टर में नॉन-स्टॉप उड़ानों पर मान्य है। इसके अलावा, ग्राहक इंडिगो के पार्टनर बैंक एचएसबीसी से भी कैशबैक का फायदा उठा सकते हैं। एयरलाइन ने कहा कि इस ऑफर को किसी अन्य ऑफर, स्कीम या प्रमोशन के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है। इसके अलावा, यह ऑफर इंडिगो की ग्रुप बुकिंग पर मान्य नहीं है। यह ऑफर नॉन-ट्रांसफरेबल, नॉन-एक्सचेंजेबल और नॉन-इनकैशेबल है। इंडिगो के ग्लोबल सेल्स हेड विनय मल्होत्रा ने कहा, 'हम 2023 में एंटर कर रहे हैं। छुट्टियों के इस सीजन में, हम एविएशन सेक्टर में एक मजबूत सुधार का जश्न मना रहे हैं और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों मार्गों के लिए अपनी विंटर सेल की घोषणा कर रहे हैं।' 290 विमानों के अपने बेड़े के साथ एयरलाइन रोजाना 1,600 से ज्यादा उड़ानें संचालित कर रही है और 76 डोमेस्टिक डेस्टिनेशन और 26 इंटरनेशनल डेस्टिनेशन को जोड़ती है।

## वीडियो कॉल के जरिए की जरूरतमंदों की मदद

हाल ही में एक्टर सोनू सूद का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें वो वीडियो कॉल के जरिए लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिखाई दे रहे हैं। दरअसल, सूद चैरिटी फाउंडेशन के जरिए सोनू लंबे समय से जरूरतमंदों की मदद करते हुए आ रहे हैं। वीडियो में सोनू की टीम का एक आदमी नजर आ रहा है, जो कि फोन लेकर लोगों से उनकी बात करवा रहा है। इस दौरान कई लोग सोनू को वीडियो कॉल के जरिए अपनी प्रॉब्लम बताते हैं और वो उनकी हेल्प करते दिखाई दे रहे हैं। फिल्मी पर्दे पर अक्सर विलन के रोल में दिखने वाले सोनू असल जिंदगी में हजारों लोगों के लिए हीरो बन गए। फैंस ने सोनू के इस वीडियो पर जमकर रिएक्ट किया।

# देवी देवताओं की खंडित मूर्तियों का विसर्जन करेगा निगम, दो केंद्र शुरू



**नई दिल्ली।** यमुनापार में देवी-देवताओं की तस्वीरों और खंडित मूर्तियों को विसर्जन करने के लिए दिल्ली नगर निगम ने एक अनोखी पहल की है। निगम ने शाहदरा उत्तरी जोन में दो ऐसे केंद्रों शुभारंभ किया गया है, जिनमें देवी देवताओं की खंडित मूर्तियों एवं चित्रों का एकत्रीकरण एवं विधि-विधान से विसर्जन किया जाएगा।

शाहदरा उत्तरी जोन के उपायुक्त अमित शर्मा ने सोमवार को दोनों केंद्रों का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि पहला केंद्र दिलशाद गार्डन सी ब्लाक स्थित बाबा बर्फानी मंदिर और दूसरा सीमापुरी गोल चक्कर के पास शीतला माता मंदिर में बनाया गया है। पर्यावरण सुरक्षा के नजरिए से इन केंद्रों पर चार एकत्रीकरण पात्र रखे गए हैं, जिसमें शाहदरा उत्तरी क्षेत्र एवं आसपास के लोग खंडित मूर्तियों का विसर्जन कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले पात्र में फूल, पत्ते, जौ आदि सामग्री होगी। दूसरे पात्र में विसर्जन योग्य या खंडित मूर्तियां इकट्ठा की जाएंगी। माता की चुनरी, भगवान के पोस्टर और श्रृंगार आदि सामग्री एकत्रित करने के लिए तीसरे पात्र का इस्तेमाल किया जाएगा। जबकि चौथे पात्र में हवन सामग्री के पैकेट, अगरबत्ती के पैकेट , सिंगल यूज प्लास्टिक जैसी सामग्री इकट्ठा होगी।

इन चारों पात्रों में एकत्रित सामग्री के लिए नगर निगम एवं कुछ संस्थाएं मिलकर काम करेंगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा शाहदरा उत्तरी क्षेत्र में ऐसे आठ और केंद्र खोलने की योजना तैयार की गई है। इस मौके पर पार्षद वीर सिंह पंवार, महिला पार्षद प्रीति, अनिल शर्मा,कनिष्ठ अभियंता अभिषेक पांडे,और इंडियन पाल्युशन कंट्रोल एसोसिएशन आगेर्नाजेशन की ओर से अजय गर्ग मौजूद रहें। निगम उपायुक्त ने बताया कि जैव निम्नीकरणीय यानी फूल, पत्ते, जौ आदि को कंपोस्ट पिट में डालकर खाद बनाई जाएगी। यहां तैयार खाद को पेड़ पौधों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। पात्र में जो भी खंडित मूर्ति एकत्रित होंगी उनको विधि-विधान से गड्ढा बनाकर विसर्जन किया जाएगा। माता की चुनरी, भगवान के पोस्टर और श्रृंगार सुधार की सामग्री को एनजीओ को सौंपा जाएगा। इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक जैसी सामग्री को इंडियन पाल्युशन कंट्रोल एसोसिएशन आगेर्नाजेशन (आइपीसीए) को दिया जाएगा।

## टीबी के मरीजों को चिन्हित करने और बीमारी की रोकथाम के लिए चलाया अभियान

दिल्ली। पटपड़गंज स्थित डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी चेस्ट अस्पताल की टीम ने टीबी के मरीजों को चिन्हित करने और बीमारी की रोकथाम के लिए अभियान शुरू किया है। एसीएफ यानी एक्टिव केस फाइंडिंग कैंपेन के अंतर्गत घड़ोली कोंडली, कल्याणपुरी स्लम एरिया और बैंक एंक्लेव झुग्गी बस्ती में टीम ने घर-घर जाकर खांसी वाले मरीजों को चिन्हित किया। इसके साथ ही खांसी की समस्या कब से है और खांसी सूखी है अथवा बलगम वाली आदि जानकारी हासिल की। इस अभियान में आंगनबाड़ी, आशा वर्कर और एनजीओ की मदद भी ली जा रही है। जिन घरों में पहले से ही टीबी की बीमारी से ग्रसित मरीज थे उनको जागरूक किया गया। साथ ही टीबी के मरीज से संक्रमण परिवार के अन्य लोगों तक न पहुंचे इसके संबंध में भी जरूरी सलाह दी गई। एसटीएस (सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर) राकेश कुमार ने बताया कि ने बताया कि टीबी की बीमारी की रोकथाम के लिए 31 जनवरी 2023 तक अभियान चलाया जाएगा। विभाग की ओर से 75 हजार घरों में जाने का लक्ष्य दिया गया है। इसी क्रम में टीम गली-मोहल्ले में घर-घर जाकर लोगों से मिलकर टीबी के मरीजों को चिन्हित कर रही है। टीम में एसटीएस राकेश कुमार, शाहबुद्दीन, डीपी( ड्राप प्रोवाइडर) जावेद, डीपी संतोष, डीपी कपिल आदि शामिल हैं।

## फरवरी में पूरा होगा विकास मार्ग के सुंदरीकरण का काम

नई दिल्ली। विकास मार्ग पर फुटपाथ के सुंदरीकरण का काम अभी तक पूरा नहीं हो सका है। फुटपाथ की खोदाई होने से लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण विहार, शकरपुर और लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन आदि जगहों पर फुटपाथ की खोदाई हो चुकी है और काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में राहगीरों को रोजाना जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग)के अधिकारियों का कहना है कि फरवरी 2023 तक परियोजना का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। पिछले तीन साल से विकास मार्ग के सुंदरीकरण का काम चल रहा है। इसके लिए कई जगह पर फुटपाथ की खोदाई की गई है। कही पर सर्विस रोड का निर्माण कार्य किया जाना है। लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं होने से लोगों को रोजमर्रा में कई समस्याओं का सामना करना पडता है। राहगीर जेएस चौहान ने बताया कि फुटपाथ की खोदाई और निर्माण सामग्री के कारण रास्ता संकरा हो गया है। लोगों को फुटपाथ से आने-जाने के लिए जगह ही नहीं मिलती है। इसलिए रोजाना जाम में फंसना आम बात हो गई है। वहीं, व्यापारियों का कहना है कि फुटपाथ का सुंदरीकरण नहीं होने के कारण दुकानदारी प्रभावित हो रही है। वाहनों को खड़ा करने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। काफी लंबे समय से काम अधूरा है। पीडब्ल्यूडी से मिली जानकारी के मुताबिक 32 लाख के इस प्रोजेक्ट को 31 दिसंबर 2022 तक पूरा किया जाना था। लेकिन अब नियत समय तक इस परियोजना को पूरा कर पाना बेहद मुश्किल है। पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता आशुतोष सिंह ने बताया कि परियोजना को लेकर कई तरह की अड़चन आ गई थी जिसके कारण कार्य में देरी हुई है। हाईकोर्ट में केस जाने, एनजीटी की रोक और अन्य विभागों के कार्य के चलते इस प्रोजेक्ट में देरी हुई है। फिलहाल, फरवरी 2023 तक प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाएगा।

## सेंट्रल दिल्ली के इन रूटों पर डायवर्जन तो कई मार्ग बंद

दिल्ली। दिल्ली के रामलीला मैदान में सोमवार को भारतीय किसान संघ द्वारा किसान गर्जना रैली आयोजित की जा रहा है. इसमें 35 हजार से ज्यादा किसानों के रहने की जानकारी दिल्ली पुलिस को मिली है. इसी को देखते हुए दिल्ली के कई रूटों में जाम की स्थिति हो सकती है. दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने रामलीला मैदान के आसपास के कई रूटों को डायवर्ट किया है. वहीं ट्रैफिक पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि निकलने से पहले वो रूट्स चैक कर लें, ताकि जाम में ना फंसे। दिल्ली पुलिस ने महाराजा रणजीत सिंह मार्ग, मिरदर्द चौक, दिल्ली गेट, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, मिंटो रोड, कमला मार्केट से हमदर्द चौक, अजमेरी गेट, भवभूति मार्ग, पहाड़गंज चौक, चमन लाल मार्ग पर सोमवार सुबह 9 बजे से डायवर्जन किया है। कुछ मार्गों पर वाहनों की आवाजाही भी रोकी जा सकती है।दिल्ली के बाराखंभा रोड से गुरु नानक चौक तक रणजीत सिंह फ्लाईओवर, मिंटो रोड आर/एल से आर/ए कमला बाजार, विवेकानंद मार्ग, जेएलएन मार्ग (दिल्ली गेट से गुरु नानक चौक),आर/ए कमला मार्केट टू, चमन लाल मार्ग, गुरु नानक चौक, आसिफ अली रोड की ओर अजमेरी गेट, पहाड़गंज चौक और आर/ए जंदेवलन, देश बंधु गुप्ता रोड से अजमेरी गेट तक रूट बंद रहेंगे। दिल्ली पुलिस का कहना है कि जिन लोगों को रेलवे स्टेशन और आईएसबीटी की तरफ जाना है वो समय से पहले निकलें।

# स्टेशन पर बेतरतीब ढंग से खड़े आटो चालक लोगों के लिए बने मुसीबत



**गाजियाबाद।** साहिबाबाद और गाजियाबाद रेलवे स्टेशन की पार्किंग में क्षमता से अधिक वाहन आने से लोगों को समस्या हो रही है। पार्किंग और आसपास आटो चालक और कैब के बेतरतीब ढंग से जहां- तहां वाहन खड़े करते हैं।

इससे रोजाना यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक जब भी कोई ट्रेन आती है तो आटो चालकों में सवारियों को बैठाने की होड़ मच जाती है। सवारियों को बैठाने के लिए आटो चालक बीच सड़क पर ही वाहनों को खड़ा कर देते हैं। इससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है और पैदल निकल पाना भी मुश्किल हो जाता है । हालांकि रेलवे सुरक्षा बल ने सभी वाहन चालकों को बेतरतीब तरीके से वाहनों को खड़ा करने से मना किया है। कई बार अभियान चलाकर आटो और कैब चालकों को पार्किंग और चालू लेन से वापस किया है।

### भीड़ के कारण ट्रेन पकड़ना मुश्किलः

यात्री सुधीर ने बताया कि पार्किंग और सड़क के पास आटो की भरमार होने के कारण पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे ज्यादा समस्या तब होती है जब कोई बुजुर्ग ट्रेन पकड़ने के लिए जाता है। क्योंकि भीड़ के कारण सामान लेकर निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार ऐसी स्थिति में लोगों की ट्रेन भी छूट जाती है। आरोप है कि बीच सड़क पर खड़े आटो को अलग करने की बात करने पर कई बार चालक यात्रियों से झगड़ा करने पर आमादा हो जाते हैं।

### अधिकांश चालकों के पास नहीं रहते कागजातः

कुछ जानकारों ने बताया कि अधिकांश आटो चालकों के पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, फिटनेस जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज नहीं मिलेंगे।

यदि पुलिस द्वारा आटो चालकों के दस्तावेजों की पड़ताल की जाए तो ऐसे दर्जनों चालक मिलेंगे जिनके पास ये दस्तावेज उपलब्ध नहीं होंगे लेकिन पुलिस द्वारा रोजाना वाहन चैकिंग न होने से चालक बिना दस्तावेजों के ही बेखौफ होकर सड़कों पर आटो दौड़ाते हैं।

# अर्थला के सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल में भीषण आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र के अर्थला में सेलिब्रेशन बैंक्वेट हॉल में भीषण आग लग गई। दमकल की 6 गाड़ियों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि तब तक बैंक्वेट हॉल का ज्यादातर हिस्सा जलकर राख हो चुका था। इस अग्निकांड में बड़ा नुकसान बताया जा रहा है। हालांकि अभी आंकलन नहीं हो सका है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (उत्रह) राहुल पाल ने कहा कि जैसे ही बैंक्वेट हॉल में आग लगने की सूचना मिली। तत्काल कई फायर स्टेशनों से 6 फायर टेंडरों को मौके पर भेजा गया। संकरी गलियां होने से फायर टेंडरों को मौके तक पहुंचने में काफी परेशानियां आईं। एंट्री और एग्जिट के लिए एक ही बड़ा रास्ता था। फिर भी



जैसे तैसे गाड़ियां मौके तक पहुंची और बचाव राहत कार्य शुरू किया। सीएफओ ने बताया कि समय रहते आग को बुझा लिया गया है और कोई जनहानि नहीं है। इसके अलावा अंदर के दृश्य भी चौंकाने वाले हैं। बैंक्वेट हॉल के अंदर खाने वाली तीन शेड के नीचे कुछ भी सुरक्षित नहीं बचा है। टेबल, कुर्सी, पर्दे आदि सामान पूरी तरह जल चुका है। इस बैंक्वेट हॉल के आस-पास काफी कूड़ा कचरा और झाड़ियां भी हैं। ऐसा भी हो सकता है कि इनमें आग लगी और उसी से बैंक्वेट हॉल चपेट में आया हो। फिलहाल, अग्निशमन विभाग ने इसकी विस्तार से पड़ताल करने की बात कही है। अर्थला में ये जमीन गाजियाबाद नगर निगम की है, जिसे लीज पर लेकर यहां बैंक्वेट हॉल बनाया गया है। यह काफी बड़ा पार्क है और इसमें कई मंडप बने हैं। इसमें एक सेलिब्रेशन-2 मंडप था, जिसमें आग लगी है। इसका संचालन सिकंदर यादव करते हैं। उनका कहना है कि नुकसान के बारे में अभी कुछ कह पाना मुश्किल है।

# सीबीएसई क्लस्टर की प्रतियोगिताओं में जेकेजी के तमाम बच्चों ने जीते मेडल



**गाजियाबाद।** सीबीएसई क्लस्टर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में गाजियाबाद के जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने झंडे गाड़ दिए। टेबिल टेनिस के सभी वर्गों में ये स्कूल चैंपियन बना, वहीं अन्य प्रतियोगिताओं में भी खूब मेडल जीते। ताइक्वांडो अंडर-14 में इस स्कूल के कुशाग्र झा ने स्वर्ण पदक, अंडर-17 में महान बंदूनी ने रजत पदक जीता। बॉक्सिंग अंडर-19 में केशव मिश्रा ने स्वर्ण पदक, आयुष तिवारी ने रजत पदक, चमन नेगी ने कांस्य पदक जीता। योगा प्रतियोगिता में कक्षा-9 की लवण्या शर्मा ने कांस्य पदक जीता। चेस अंडर-19 मिक्स टीम कैटेगरी में ध्रुव गोयल, अंकित चंद्रा, अतुल्य ठाकुर, आर्यन कुमार ने कांस्य पदक जीता। टेबिल टेनिस अंडर-14 बालक वर्ग में यथार्थ मिश्रा, रुद्र मिश्रा, आरव राठी व गर्व अरोड़ा ने स्वर्ण पदक जीता। एकल वर्ग अंडर-19 बालिका वर्ग में दिशा, बालक वर्ग में मनन मिगलानी ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-14 बालक वर्ग में आरव राठी ने रजत पदक जीता। टेबिल टेनिस के सभी वर्गों में जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल इंदिरापुरम चैंपियन रहा। पदक विजेता बच्चे अब सीबीएसई की नेशनल प्रतियोगिता में शामिल होंगे। स्कूल के चेयरमैन जेके गौड़ ने बताया हमारे स्कूल की टेबिल टेनिस एकेडमी से लगातार नेशनल स्तरीय खिलाड़ी निकल रहे हैं। वे जनपद के साथ प्रदेश का भी गौरव बढ़ रहे हैं। ये सबके लिए गर्व की बात है।

# दुलारी सामाजिक सेवा समिति को मिला स्थाई कार्यालय



**गाजियाबाद।** साहिबाबाद राजेंद्र नगर दुलारी समाज सेवा समिति पिछले 10 वर्षों से सामाजिक कार्य में कर रही है। इस वर्ष समिति में अपने सफल 10 वर्ष पूर्ण कर , 11वें वर्ष में प्रवेश किया है। इस उपलक्ष में दुलारी समिति के सचिव मीनाक्षी शर्मा ने अपने जन्मदिन पर दुलारी समिति को एल ब्लॉक लाजपत नगर में एक कार्यालय स्थल निशुल्क प्रदान किया है। जहां सभी सदस्य मासिक बैठक व धार्मिक कार्य कुशलता से कर सकते हैं। इस कार्यालय का उद्घाटन सुंदरकांड पाठ व भजन कीर्तन के साथ किया गया। दुलारी समिति की सचिव मीनाक्षी शर्मा ने जोत प्रज्वलित कर पाठ का शुभारंभ किया। दुलारी समिति के सभी सदस्यों ने एक साथ सुंदरकांड पाठ कर भजन- कीर्तन किया और दुलारी समिति के 10 वर्ष पूर्ण होने की खुशी में केक काटा गया। सर्वप्रथम छोटी-छोटी दुलारी बच्चियों को केक खिलाया गया । उसके बाद सभी ने मिल कर भोजन व प्रसाद गृहण किया । दुलारी समिति के कार्यक्रम को सदस्यों ने शहर के सज्जन ,राजनीतिक , पत्रकार बंधु, समाजसेवी, शिक्षक , गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर धूमधाम से मनाया। सभी ने मिलकर ईश्वर का धन्यवाद किया और प्रार्थना की , कि वह हमें इसी तरह समाजिक कार्यों में अग्रसर करता रहे और हम सभी दूसरों की सहायता और सेवा करते रहें । कार्यक्रम के अन्त में अध्यक्ष राधिका शर्मा ने व्यवस्था करने वाले सदस्य मीनाक्षी शर्मा, राहुल शर्मा, परविंदर सिंह, सारंधा भारद्वाज, सुधा श्रीवास्तव आशा शर्मा, दीपक शर्मा, कृष्ण कुमार, सुनील गुप्ता का धन्यवाद कर आभार व्यक्त किया।

# गाजियाबाद नगर निगम ने डीएमआरसी को भेजा बकाए का नोटिस




**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) को 54 करोड़ रुपये के बकाया टैक्स का नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की ओर से जारी किया गया है। डीएमआरसी को बकाया टैक्स जमा करने के लिए एक महीने का समय दिया गया है। नगर निगम के अनुसार तय समय पर टैक्स नहीं जमा किया तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। गाजियाबाद नगर निगम की ओर से डीएमआरसी पर 12 मेट्रो स्टेशनों पर टैक्स लगाया है। इनमें कौशांबी, वैशाली, दिलशाद गार्डन, शहीदनगर, राजबाग, राजेन्द्रनगर, मोहननगर, अर्थला, हिंडन विहार और मेरठ रोड तिराहा स्टेशन शामिल हैं. नगर निगम का कहना है कि इन स्टेशन पर ट्रेन के चालू होने के बाद टैक्स लगाया गया था, मगर डीएमआरसी ने नगर निगम को सर्विस टैक्स अदा नहीं किया। इसके बाद नगर निगम ने डीएमआरसी को अब डिमांड नोटिस जारी किया है। नगर निगम ने डीएमआरसी को 54 करोड़ रुपये का नोटिस जारी करते हुए उन्हें एक महीने की समय सीमा के अंदर बकाया टैक्स अदा करने के लिए कहा गया है। नगर निगम को ऐसी उम्मीद कम है कि डीएमआरसी अभी बकाया अदा करेगा। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा के अनुसार डीएमआरसी का कहना है कि स्टेट टैक्स वह अदा नहीं करेगा, मगर नगर निगम ने जो नोटिस जारी किया है, वो स्टेट टैक्स नहीं है. वह केवल सर्विस टैक्स है कि इस मामले में थोड़ा विवाद है. नगर निगम के कर निर्धारित अधिकारी के अनुसार डीएमआरसी और नगर निगम के बीच उपजे विवाद को जल्दी ही बैठक कर दूर किया जाएगा। यह टैक्स नगर निगम का है,जो नियमतः है. निगम बार बार डीएमआरसी को पत्र भेजकर टैक्स मांग रहा है।

# फैशन शो में गाजियाबाद की एडीएम प्रशासन ऋतु सुहास शामिल



**गाजियाबाद।** लखनऊ में आयोजित फैशन शो में गाजियाबाद की एडीएम प्रशासन ऋतु सुहास शामिल हुईं। एक मीडिया हाउस की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में एडीएम ने ऑर्गेनिक फैब्रिक पर शो स्टॉपर के रूप में प्रतिभाग किया। विशुद्ध रूप से जैविक उत्पाद जैविक डाई का सामान आगामी कलेक्शन सस्टेनेबल फैशन को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। डिजाइनर अदिति जग्गी रस्तोगी द्वारा एएमए हर्बल्स की बहुत ही अनोखी ऑर्गेनिक डाइंग प्रक्रिया सभी टिकाऊ कपड़ों पर तैयार की गई है।

हवा पार होने योग्य फैब्रिक और हर्बल डाइंग के असाधारण गुणों को एक साथ मिलाकर एक ऐसा कलेक्शन बनाया जाता है जो ताजा, युवा, भावपूर्ण और व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य हो। डिजाइनर और हर्बल जोड़ी एक ग्लोबल फ्रेंडली ट्रेंड शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। शो की शोस्टॉपर एडीएम ऋतु सुहास रहीं, जिन्होंने मिसेज इंडिया 2019 का खिताब जीता हुआ है।

अदिति जग्गी रस्तोगी एक अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डिजाइनर हैं जो भारत और दुबई फैशन वीक में शोकेस करती हैं। उनका अनुभव प्रीट, लक्स फैशन, सस्टेनेबल फैशन से लेकर बॉलीवुड डिजाइनिंग तक भिन्न है। वर्तमान में खादी के वैश्वीकरण और बुनकरों और कारीगरों के कौशल प्रशिक्षण की दिशा में वे काम कर रही हैं, ताकि उन्हें रोजगार पैदा करने में मदद मिल सके।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 का दो दिवसीय कार्यक्रम

**गाजियाबाद।** नई दिल्ली के ले मेरिडियन होटल में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 का दो दिवसीय कार्यक्रम होगा। इसमें पहले दिन डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस होगी और डीजीएनडी(उ्रह्रछ) और सीओएल (उडछ) का चुनाव होना प्रस्तावित है। साल 2023 में सात और आठ जनवरी को कार्यक्रम होगा, जिसमें गाजियाबाद से रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ललित खन्ना और उनकी धर्म पत्नी को सादर आमंत्रित किया गया है। इसमें सूफी नाईट में शत्रुघ्न सिन्हा, टीवी एंकर रजत शर्मा, हास्य कवि अरूण जैमिनी, मोटिवेशनल स्पीकर शंकर गोयनका आदि शिरकत करेंगे। इसके अलावा संबित पात्रा, आलोक कुमार, शशि थरूर, विहिप नेता, रोटरी के इंटरनेशनल साउथ एशिया के पदाधिकारी भी कार्यक्रम में पहुंचेंगे।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in
**RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000
**Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)**
Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.